प्रेस नोट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद दिनांक 08.04.2024

थाना मोदीनगर पुलिस द्वारा चोरी करने वाले 02 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी का ई-रिक्शा बरामद।

घटना का विवरण- थाना मोदीनगर पर दिनांक 19.03.2024 को वादी द्वारा तहरीर दी गई कि उनके ई-रिक्शा को 02 अज्ञात व्यक्तियों ने चाय में कुछ नशीला पदार्थ पिलाकर चोरी कर लिया है। जिस पर तत्काल सुंसगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया तथा अभियुक्तों की गिरफ्तारी/बरामदगी के लिए टीम गठित की गई।

कार्यवाही का विवरण- आज दिनांक 08.04.2024 को थाना मोदीनगर पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर चौकी कादराबाद क्षेत्रान्तर्गत स्थित बन्द पडा ईट भटटा से अभियुक्त 1. वसीम पुत्र मोबिन निवासी एक मिनारा मस्जिद तारापुरी जनपद मेरठ 2. शाहनवाज पुत्र शहीद निवासी गली न0 3 रसीदनगर थाना लिसाडी गेट जनपद मेरठ को चोरी किये गये ई-रिक्शा सहित गिरफ्तार किया गया है। अग्रिम आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।

अभियुक्तों के विरुद्ध पंजीकृत अभियोग की संख्या - 01

बरामदगी का विवरण-

चोरी का 01 ई-रिक्शा बरामद

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

थाना मोदीनगर पुलिस टीम